(क) क्या यह सच है कि जनवरी, 1969 में फिरोजपुर डिवीजन के फिरोजपुर-फाजिलका सेक्शन पर दोष स्टेशन को सशस्त्र डकैतों ने लूट लिया था;

(ख) कितने मूल्य की रेलवे सम्पत्ति की हानि हुई और डकैतों द्वारा लूटी गई नकदी तथा रेलवे के माल का ब्योरा क्या है; और

(ग) ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सशस्त्र डकैतों द्वारा दोष स्टेशन को लूटने की कोई घटना नहीं हुई थी लेकिन वहां पर 31-12-68/1-1-1969 की रात को चोरी की एक घटना हुई थी।

(ख) 92 रुपये 70 पैसे की रेलवे नकदी चोरी गयी।

(ग) फिरोजपुर की सरकारी रेलवे पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के लिए जिला पुलिस और सरकारी रेलवे पुलिस के बीच निकट का सहयोग रखा जाता है।

राजधानी एक्सप्रेस रेलगाड़ी के लिये डिब्बे

4916. श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और कलकत्ता के बीच शीघ्र ही आरम्भ की जाने वाली पूर्ण वातानुकूलित राजधानी एक्सप्रेस रेलगाड़ी के डिब्बों के निर्माण का काम किस रेल निर्माण डिब्बा फैक्टरी को दिया गया है;

(ख) इस रेलगाड़ी के लिए कुल कितने डिब्बे बनाये गये हैं; और

(ग) उन पर कुल कितनी लागत आयेगी ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सवारी डिब्बा कारखाना, पेरम्बूर, मद्रास।

(ख) आठ।

(ग) लगभग 66.50 लाख रुपये।

तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के गोदाम में आग लगने की घटना

4917. श्री भारत सिंह चौहान :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनवरी, 1969 में तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के गोदाम में आग लग जाने के कारण पटसन तथा रूई की गाठें जल गई थी; और

(ख) कितने मूल्य का माल जला था और इस सम्बन्ध में सरकार ने प्रतिकर के रूप में कितनी धनराशि दी ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में आग लगने की कोई घटना नहीं हुई थी लेकिन एक माल डिब्बे में 4-1-1969 को आग लग गयी थी। जिसमें जूट की 83 गाठें थीं और जो तुगलकाबाद यार्ड में मरम्मत लाइन में खड़ा था।

(ख) अनुमान है कि लगभग 2000 रुपये का माल जल गया। इस सम्बन्ध में अभी तक किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया है।